# 2018

## HINDI

( Major )

Paper : 6.4

**( Prayojanmulak Hindi Evam Anuvad )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : $1 \times 7 = 7$

(क) सामान्य हिन्दी का क्या अर्थ है?

(ख) संविधान के किस अनुच्छेद के जरिए हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है?

(ग) कार्यालयी पत्राचार क्या है?

(घ) प्रयोजनमूलक हिन्दी का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ङ) राजभाषा का उपयोग कहाँ होता है?

(च) जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है, उस (मूल) भाषा को क्या कहा जाता है?

(छ) संक्षेपण में संक्षिप्त अंश मूलतः मूल पाठ का कितना भाग होना चाहिए?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) साहित्यिक हिन्दी और प्रयोजनमूलक हिन्दी में कोई दो अंतर लिखिए।

(ख) विज्ञापन की भाषा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में आनेवाली विधाओं की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 में आनेवाली मूल बातें क्या-क्या हैं?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) प्रेस-विज्ञप्ति **अथवा** परिपत्र की एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) आलेखन की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

**अथवा**

टिप्पण करते (अथवा देते) समय किन बातों पर ध्यान देना अपेक्षित है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

Financial year ; allegation ; known source of income ; science stream ; contractor ; per capita income ; national register of citizens ; estimate ; charge ; commissioner ; management ; draft ; Assam Civil Service ; proposal ; Attorney General ; alternative.





(घ) निम्नलिखित गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए :

माता का स्थान संसार के सारे संबंधों से सर्वोपरि है। शिशु की शरीर-रचना माँ की रक्त-मज्जा से ही होती है। गर्भावस्था में शिशु की रक्षा माता ही करती है। प्रसव-पीड़ा को संसार की सबसे बड़ी पीड़ा माना गया है और शिशु को जन्म देने के बाद प्रत्येक माँ का भी एक नया जन्म होता है। जन्म देने के बाद माँ के दुग्ध-पान और अत्यंत सतर्क-सजग देखभाल से ही संतान के जीवन का विकास होता है। केवल दुग्ध-पान देकर गाय भी गो-माता कहलाती है और हम उसकी पूजा करते हैं। धरती हमें अन्न और आश्रय देती है। अतः हम उसे धरती-माता कहते हैं। माँ की महिमा अपार है। इसलिए कहते हैं 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद हिन्दी में कीजिए :

The Kurmi are Hindus and worship Ram and Vishnu as their family deities. The goddesses Kali and Durga and the monkey god Hanuman are regional deities. They celebrate prominent Hindu festivals like Diwali, Holi, Shivaratri and Dussehra.

The Kurmi's rites and rituals are performed by Brahmin priests. Mundan is a ritual performed in childhood while adolescent boys go through the rite of wearing the sacred thread (genoi). The dead are cremated, but the bodies of

children are buried. The ashes are immersed in a river, preferably the sacred Ganga river.

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) अनुवाद की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

हिन्दी की परिव्याप्ति से आप क्या समझते हैं? सामान्य हिन्दी और प्रयोजनमूलक हिन्दी के प्रयोग-क्षेत्रों पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी भाषा की संवैधानिक स्थिति को रेखांकित कीजिए।

**अथवा**

राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रमुख प्रावधानों को रेखांकित कीजिए।

(ग) प्रिंट मीडिया की भाषा के स्वरूप पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**अथवा**

कम्प्यूटर में हिन्दी के प्रयोग की गतिविधियों पर प्रकाश डालिए।

★★★